Title: Need to run Neelanchal Express daily through Mungara Badshahpur railway station in District Jaunpur, Uttar Pradesh and provide its stoppage there.

श्री चन्द्रनाथ सिंह (मछलीशहर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र 47 मछलीशहर, उत्तर प्रदेश जो दो जनपद, जौनपुर के तीन विधान सभा तथा प्रतापनगर के दो विधान सभा क्षेत्र से गठित है, इन पांच विधान सभा क्षेत्रों में रहने वाले अनुमानित 15 लाख जनता के लिए मात्र एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन मुंगरा बादशाहपुर है। मुंगरा बादशाहपुर की आबादी 1 लाख के लगभग है जो किसी जनपद मुख्यालय से अधिक है। यह मछलीशहर का सबसे बड़ा बाजार है तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक केन्द्र सतरिया भी मुंगरा बादशाहपुर है जहां सैकड़ों उद्योग हैं।

यहां हजारों यात्री प्रतिदिन पूरे भारतवर्ष से आते जाते हैं किन्तु नीलांचल एक्सप्रेस मुंगरा बादशाहपुर में रुकती नहीं है। मुंगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर में आता है किन्तु जौनपुर इस लाइन पर नहीं है। अतः जौनपुर तथा मछलीशहर की जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में रेल लाइन का अभाव है। एक ही लाइन है तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक केन्द्र मुंगरा बादशाहपुर हो करके प्रतिदि नीलांचल चलाई जाए एवं मुंगरा बादशाहपुर में नीलांचल का ठहराव सुनिश्चित किया जाए।